शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आशवासन प्रकोष्ठ (IQAC)

चौथी बैठक

दिनाँक 23–01 2019, दिन– बुधवार

आज दिनाँक 23–01–2019 को आन्तरिक गुणवत्ता आशवासन प्रकोष्ठ (IQAC) की चौथी बैठक का आयोजन दोपहर 3:00 बजे स्टॉफ रूम में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ॰ आर॰ एस॰ अग्रवाल जी ने की । बैठक के प्रारम्भ में सभी उपस्थित सदस्यों का प्राचार्य ने स्वागत किया और बैठक की कार्यवाही की आगे बढ़ाने की बात कहीं तत्पश्चात IQAC कोर्डिनेटर डॉ॰आर॰बी॰ सोनवानी ने बैठक के एजेण्डा को बिन्दुवार जानकारी देकर स्पष्ट किया।

आज की इस बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नवत है :–

1 पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा की साथ ही जो कार्य पूर्ण नहीं हो पाये है उन्हे शीघ्र पूरा करने का संकल्प लिया गया ।

2 महाविद्यालय की NSS इकाई के द्वारा ग्राम विजयनगर में 7 दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया । जिस पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

3 महाविद्यालय में संचालित स्नातकोतर कक्षाओं के पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालय के निर्देशों कें अनुसार टेस्ट , सेमिनार कक्षाओं के असाइनमेन्ट को नियमानुसार आयोजित करने का निर्णय लिया गया ।

4 शैक्षणिक सत्र 2018 –19 की वार्षिक मुख्य परीक्षा के बेहतर व पारदर्शी संचालन के लिए एक कार्ययोजना बनाने व उसके बिन्दुओं को लागू करने पर सहमति बनी जिससे वार्षिक परीक्षा का शुचिता पूर्ण सफल संचालन हो सके ।

5 महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातकोतर कक्षाओं के छात्र –छात्राओं के लिए 'लघु शोध प्रविधि ' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित कराने का निर्णय लिया गया । इस कार्यशाला में विशेषज्ञ स्त्रोत वक्ताओं को आमंत्रित किया जाये। जिससे छात्र–छात्राओं का ज्ञानवर्धन हो और भविष्य में इससे प्रेरित हो वे शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ सके ।

6 महाविद्यालय मे वार्षिक खेलकूद ,बौद्धिक ,साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है जिये बेहतर तरीके से संचालित किया जायें साथ ही वार्षिकोत्सव को 02 फरवरी 2019 मनाया जाना पहले से प्रस्तावित है का आयोजन गरिमापूर्ण हो इसके लिए सभी अपनी सक्रिय भागीदारी से सुनिश्चित करेगें।

7 महाविद्यालय परिसर में निर्मित नवीन भवन के लिए छात्रों हेतु फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित हो,के लिए फर्नीचर को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

8 महाविद्यालय में बेहतर व्यवस्थागत संरचना के लिय नये Key Bord Box, First Aid Box और Suggestion Box लगाये जाने का निर्णय लिया गया।

9 महाविद्यालय में सुरक्षा व निगरानी के दृष्टिकोण से CCTV कैमरों को लगाये जाने का निर्णय लिया गया जिसका कण्ट्रोल और निगरानी **प्राचार्य** द्वारा की जाय ऐसा निर्णय किया गया ।

10 महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण बेहतर जल व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए R.O. और वाटर कूलर लगाने का निर्णय लिया गया ।

11 विभिन्न कक्षाओं में लेक्चर स्टैण्ड की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए क्रय करने का निर्णय लिया गया।

12 सेमिनार हाल में 2 AC को लगाने का निर्णय लिया गया जिससे बेहतर वातावरण में सेमिनार का आयोजन हो सकें ।

13 सेमिनार हॉल के लिए अच्छी गुणवत्ता की 50 कुर्सियों को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

14 लाइब्रेरी के लिए मैग्जीन स्टैण्ड , नोटिस बोर्ड स्टैण्ड , मूवेवल नोटिस बोर्ड ,न्यूजपेपर स्टैण्ड को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

15 प्रिंसीपल ऑफिस के लिए नया टेबल फर्नीचर क्रय करने का निर्णय लिया गया।

16 लाइब्रेरी के लिए पुस्तकों के हेतु रैक की खरीदी करने का निर्णय लिया गया ।

17 ICT शिक्षण के उपयोग के लिए एक स्मार्ट बार्ड के साथ एक क्लास को विशेषतः विकसित करने का निर्णय लिया गया।

18 शैक्षणिक सत्र 2018–19 का अकादमिक ऑडिट करने का निर्णय लिया गया। इसका दायित्व श्री शनि कुमार धारी सहायक प्राध्यापक, (समाजशास्त्र) को देने का निर्णय लिया गया। इस ऑडिट के माध्यम से अकादमिक कमिया ज्ञात होंगी साथ उपयोगी सुझाव प्राप्त होंगे। जिससे अकादमिक गुणवत्ता को बेहतर किया जा सकेगा।

बैठक के अन्त में IQAC कोर्डिनेटर डॉ. आर. बी. सोनवानी ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी सदस्यों ने दृढ़ निश्चय प्रकट किया और पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करने का बात कहीं। प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया।

आज चौथी बैठक दिनांक 23.01.2019 की इस बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।

IQAC
संयोजक

प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज जिला-बलरामपुर (छ0ग0)
शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.) ★ AISHE C-9753